A.B.M. College, Golmuri, JSR

Inter 2nd year

Hindi elective

गद्य खण्ड

Ch=8

पाठ का नाम => गांधी, नेहरू और यास्सेर अराफात

लेखक का नाम => भीष्म साहनी

Q. वस्तुनिष्ठ प्रश्न :-

Q.1 लेखक का परिचय गाँधी जी से किसने करवाया ?

Ans लेखक के भाई ने

Q.2 लेखक सेवाग्राम में कितने समय तक रहा ?

Ans लगभग तीन सप्ताह तक।

Q.3 बलराज किस पत्रिका के सह-संपादक के रूप में कार्य कर रहे थे ?

Ans "नई तालीम"।

Q.4 कांग्रेस का हरिपुरा अधिवेशन कब हुआ था ?

Ans सन् 1938 में।

Q.5 भिक्षु की प्रदक्षिणा कब समाप्त होती थी ?

Ans प्रार्थना के समय समाप्त होती थी।

Q.6. लड़का क्या चिल्ला रहा था?
Ans "मैं मर जाऊँगा, बापू को बुलाओ"।

Q.7. चिल्लाने वाले लड़के की उम्र कितनी थी?
Ans लगभग पंद्रह साल।

Q.8. गाँधी जी ने क्या वस्त्र पहने हुए थे?
Ans गाँधी जी ने नंगे तन पर खादी की एक हल्की-सी चादर ओढ़ी हुई थी।

Q.9 बापू जी ने लड़के के पेट पर हाथ फेरते हुए उसे क्या करने को कहा?
Ans बापू जी ने उसे "कै" (उल्टी) करने को कहा।

Q.10 लड़के से आश्रमवासी ने क्या कहा?
Ans बापू आ रहे हैं।

Q.11 नेहरू जी ने किसकी कहानी सुनाई?
Ans पेरिस शहर में रहने वाले एक गरीब बाजीगर की।

Q.12 'अनातोले' कौन थे?
Ans फ्रांस के एक प्रख्यात लेखक

Q.13 कौन सा पर्व था?
Ans क्रिसमस का।

Scanned with CamScanner

Q. दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

Q.1 लेखक सेवाग्राम कब और क्यों गया था?

Ans लेखक के भाई बलराज सेवाग्राम में रहते थे, जहाँ वे 'नई तालीम' पत्रिका के सह-संपादक के रूप में काम कर रहे थे। सन् 1938 में जिस साल कांग्रेस का हरिपुरा अधिवेशन हुआ था। उसी साल कुछ दिन उनके पास साथ रहने चला गया। वह देर रात सेवाग्राम पहुँचा। लेखक अपने भाई से देर रात तक बातचीत करता रहा। भाई ने बताया कि गांधी जी प्रातः सात बजे घूमते निकलते हैं। वहाँ आकर जब उसने गाँधी जी के विषय में जाना तो उसकी गाँधी जी के सम्पर्क में भी कुछ दिन गुजारने की इच्छा हुई। इसी कारण लेखक सेवाग्राम चला आया था।

Q.2 लेखक का गाँधी जी के साथ चलने का पहला अनुभव किस प्रकार का रहा?

Ans लेखक ने सुबह सात बजे गांधी जी को सड़क पर आते देखा। उन्हें देखकर वह पुलकित हो उठा। वे बिलकुल वैसे लग रहे थे जैसे वे चित्रों में दिखाई देते हैं। उनकी कमर के नीचे से एक घड़ी भी लटक

Scanned with CamScanner

रही थी। लेखक तेजी से अपने भाई के साथ उनके साथ हो लिया। लेखक ने गांधी जी से रावलपिंडी का जिक्र किया। इस जगह का नाम सुनकर गांधी जी ने कई बातें सुनाई। वे अपने पुराने अनुभव सुनाते रहे।

Q-3 कश्मीर के लोगों ने नेहरू जी का स्वागत किस प्रकार किया?

Ans सन् 1938 के आसपास पंडित नेहरू जी कश्मीर यात्रा पर गये थे, जहाँ उनका भव्य स्वागत हुआ था। शेख अब्दुल्ला के नेतृत्व में झेलम नदी पर, शहर के एक सिरे से दूसरे सिरे तक सातवें पुल से अमीराकदल तक नावों में उनकी शोभायात्रा देखने को मिली थी। जब नदी के दोनों ओर हजारों - हजार कश्मीर निवासी अद्भुत उत्साह के साथ उनका स्वागत कर रहे थे। वह अद्भुत दृश्य था। इस अवसर पर नेहरू जी को जिस बंगले में ठहराया गया था। वह लेखक के फुफेरे भाई का था, भाई ने उसे नेहरू जी की देखभाल करने के लिए कहा।

Q. लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर :-

Q.1 खोखे के अंदर चिल्ला रहे लड़के के साथ गाँधी जी के व्यवहार से आज के युवाओं को क्या प्रेरणा लेनी चाहिए ?

Ans सेवाग्राम आश्रम के निकट ही एक खोखे में पंद्रहवर्षीय बालक पेट दर्द की शिकायत को लेकर चिल्ला रहा था और बीच-बीच में गांधी जी को पुकारे जा रहा था। पेट फूलने से उसे भयंकर दर्द था। उसकी पुकार सुन गांधी जी वहाँ आए। किसी कुशल वैद्य की भाँति उन्होंने लड़के से "कै" करने को कहा, जिससे कुछ ही देर में उसे आराम मिल गया। गांधी जी के कार्य से आज के युवाओं को यह सीख लेनी चाहिए कि हमें विनम्र बनकर दीन-दुखियों की सेवा करनी चाहिए। दीन - हीनों पर अपना क्रोध उतारे बिना हमें उनकी मदद एवं सेवा करने का हर संभव प्रयास करना चाहिए।

Scanned with CamScanner